>

Title: Need for financial assistant to flood prone area of Aria Parliamentary Constituency.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): माननीय अध्यक्ष जी मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं । अभी एक सप्ताह पहले हमारे यहां बाढ़ आई थी, जिनमें 15 लोगों की जानें चली गईं । माननीय अध्यक्ष जी मैं दो मिनट समय लूंगा, पिछली बार भी मुझे एक मिनट का ही समय मिला था ।

माननीय अध्यक्ष: आपको एक मिनट ही एलॉट है **।**

श्री प्रदीप कुमार सिंह: हमारे यहां महानंदा नदी है । मैं अररिया लोक सभा क्षेत्र से चुन कर आया हूं, जो नेपाल की सीमा पर है । हमारे यहां हर साल बाढ़ आती है । अभी इतना पानी आया कि वह घरों में घुस गया है । बाढ़ से हर साल तबाही मचती है । हम लोग जो सड़क, पुल बनाते हैं, सरकार के करोड़ों रुपये के इंफ्रास्ट्रक्चर का काम करते हैं, लेकिन एक बार बाढ़ का पानी आता है और सबको तोड़ देता है । हमारे यहां महानंदा बेसिन प्रोजेक्ट वर्ष 2013 में बना था, उसमें एक फेज में महनंदा नदी के तटबंधों का काम हुआ था, दूसरे फेज का भी काम हुआ था । उन्हीं से लगी सहायक नदियां परवान, बकरा, नोहन्दरा, कन्कई, सुरसर, नुना, भोलवा आदि, ऐसी कई नदियां हैं जिन पर दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें फेज के तहत बाढ़ सुरक्षात्मक बांध बनने थे । यह योजना जलशक्ति मंत्री जी के पास लंबित पड़ा है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहूंगा कि इस महत्वपूर्ण योजना के लिए अविलम्ब राशि को विमुक्त किया जाए और बाढ़ से किसानों और लोगों को बचाया जाए । हर साल लोगों की जानें जाती हैं । इस बार भी 15 लोग मर गए हैं । मैं अपनी बात एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं । किसानों का जो बीजड़ा था वह अब रोपणी करने के लिए नहीं है । वह क्या खाएगा? राहत के

नाम पर हर साल सरकार के करोड़ों रुपये जाते हैं । इसलिए इस महत्वपूर्ण योजना को किया जाए और नेपाल में इसके लिए एक डैम बनाया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे । श्री अर्जुन राम मेघवाल जी ।

19.42 hrs

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

5th Report